

भोपाल में शनिवार को गर्मी के मौसम में तेज धूप से बचने के लिए चेहरे पर कपड़ा लपेट कर जाती युवतियां ।

निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर निगमायुक्त चौधरी ने दिए निर्देश...

# व्यवसायिक काम्पलेक्सों एवं दुकानों के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें

भोपाल (काप्र)।

**निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने नादरा बस स्टैण्ड, पुतलीघर बस स्टैण्ड, भौंरी आदि क्षेत्रों में व्यवसायिक काम्पलेक्सों एवं दुकानों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और प्रचलित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने, सैफिया कालेज रोड स्थित नाला निर्माण कार्य का अवलोकन किया और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।**

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त शाश्वत सिंह मीना, मुख्य अभियंता पी.के.जैन सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शनिवार को नादरा बस स्टैण्ड में निर्मित जी+2 काम्पलेक्स के कार्यें का जायजा लिया और शेष कार्यें को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने काम्पलेक्स के समीप ही निर्माणाधीन काम्पलेक्स के फाउंडेशन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने पुतलीघर बस स्टैण्ड पर निर्मित दुकानों की फीनिशिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने, दुकानों का आकार एवं मूल्य पेंट से लिखवाकर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने शेष निर्माण कार्यें की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने भौंरी में निर्मित दुकानों का अवलोकन किया और दुकानों का आकार एवं मूल्य पेंट से लिखवाकर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने सैफिया कालेज रोड स्थित नाले पर स्लेब डालने के कार्य का अवलोकन किया और स्लेब डालने के कार्य में बाधक विद्युत पोल को शीघ्र शिट करने की कार्यवाही करने, स्लेब डालने के कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने तथा सैफिया कालेज से भोपाल टाकीज की और जाने वाले मार्ग पर स्थित पुराने नाले को भी बड़े नाले से जोडने के निर्देश दिए।

## कृष्णा गौर ने किया निरीक्षण

गोविन्दपुरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने क्षेत्रीय पार्षद विकास पटेल के साथ वार्ड क्र. 72 के अंतर्गत लीलाधर कालोनी, भानपुर चौराहा, कल्याण नगर, मालीखेड़ी आदि क्षेत्रों में जनसुविधाओं का निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों से चर्चा की।

# सृजन कार्यक्रम-5 में करीब 150 बालिकाओं ने लिया भाग

भोपाल(काप्र)।

**भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा विशेष पहल करते हुए सामुदायिक पुलिसिंग योजना के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं के उत्थान, सुरक्षा और आत्म विश्वास के लिये विगत वर्ष से सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।**

इसी क्रम में सृजन कार्यक्रम के पांचवे चरण में थाना पिपलानी क्षेत्र विक्रम स्कूल मे सृजन समूह प्रशिक्षण शिविर- 5 प्रारम्भ किया गया। भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस स्थानीय बस्तियों मे समाजिक संगठनो के सहयोग से बालिकाओं को आत्म रक्षा और कानूनी ज्ञान तथा आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर उन्हे केरियर गाइडेंस भी देती है, ताकि वे आत्म निर्भर बन सके। इसी क्रम में आज भोपाल पुलिस और उदय समाजिक संस्था के सहयोग से सृजन कार्यक्रम-5 प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसीपी (हेड क्वाटर) विनीत कपूर सृजन कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे मे बताया, साथ ही कहा कि पुलिस विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं व महिला संरक्षण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे पुलिस दीदी, सृजन, सहयोग के आदि के माध्यम से महिलाओ व बालिकाओं के उत्थान व जागरूकता हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं, तथा बाल अपराध व घरेलु हिंसा रोकने हेतु बालिकाओ महिलाओं को सशक्त व जागरूक कर रही है। उक्त कार्यक्रम में एसीपी गोविंदपुरा आदित्य तिवारी, थाना प्रभारी पिपलानी अजय नायर, उदय संस्था की टीम व अन्य अधिकारी व करीब 150-180 बालिकाओं व शक्ति समिति की महिलाओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा विशेष पहल करते हुए सामुदायिक पुलिसिंग योजना के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं के उत्थान, सुरक्षा और आत्म विश्वास के लिये विगत वर्ष से थाना क्षेत्र की बस्तियों मे सृजन कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओ को प्रशिक्षित कर रही है। अब तक सृजन कार्यक्रम 5 बस्तियों/क्षेत्रों मे आयोजित किये गये हैं, जिनमें करीब 500 से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी है।

## दो माह बाद आचार्य विद्यासागर के शिष्यों का राजधानी से हुआ गमन

**भोपाल ( काप्र )।** राजधानी में जैन संतों का समागम हो रहा है और संतों के सानिध्य में अनेक अनुष्ठान हो रहे हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि निर्दोष सागर महाराज, मुनि निर्लोभ सागर महाराज, मुनि निरुपम सागर महाराज का लगभग दो महा बाद राजधानी से पद विहार हुआ। मुनि संघ के सानिध्य में राजधानी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ श्रावक संस्कार शिविर लगाए गए। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया आज भानपुर जैन मंदिर से सागर की ओर मुनि संघ का पद बिहार हुआ। रात्रि विश्राम सुखी सेवनिया में हुआ। इस अवसर पर पंचायत कमेटी ट्रस्ट के मंत्री मनोज आर एम, उपमंत्री विपिन एमपीटी सुनील पब्लिशर, दिनेश चाय, रितेश नवकार, प्रदीप, कुद्धू पिंटू बांगा आदि मौजूद थे।

# पट्टा वितरण फार्म पांच जून को बंटेंगे

**भोपाल ( हिनप्र )।** संतनगर में सिंधी विस्थापितों के को जमीन, मकान व दुकानों के पट्टा प्रकरणों के निराकरण के लिए 2 जून को कलेक्टर कार्यालय में बैठक हुई, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत व पूज्य सिंधी पंचायत तथा कपड़ा एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक के बाद पट्टा के लिए निर्धारित फार्म दोनों सिंधी पंचायतों को एक हजार फार्म उपलब्ध कराए गए हैं। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, पूज्य सिंधी पंचायत महासचिव माधु चांदवानी एवं कपड़ा एसोसिएशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी ने बताया कि उपलब्ध पट्टा फार्म का वितरण सोमवार 5 जून को सुबह 11 बजे विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा दोनो सिंधी पंचायतों के एवं कपड़ा एसोसियसेशन के पदाधिकारयों की मौजूदगी में साधु वासवानी स्कूल में वितरित करेंगे। जिन सिंधी विस्थापित परिवारों के पट्टे नहीं बने हैं या पट्टों का नवीनीकरण नहीं हुआ है (वन ट्री हिल्स के भूखण्डधारियों को छोड़कर) उन सभी सिंधी विस्थापितों से 5 जून को सुबह 11 बजे साधु वासवानी स्कूल में उपस्थित होने का आग्रह किया है। ये पट्टा फार्म भरकर 12 जून से साधु वासवानी स्कूल में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में अधिकारियों को सौंपना होंगे।

# केरवा- लाली पेयजल परियोजना समीक्षा बैठक

**भोपाल ( हिनप्र )। हुजूर विधानसभा क्षेत्र में 200 करोड़ की लागत से हर गांव के हर घर को नल से पानी देने के लिए तेजी से काम चल रहा है।**

हुजूर के अधिकांश गाँवो में मुख्यमंत्री नल-जल योजना संचालित है, लेकिन गर्मी में जल स्तर नीचे चले जाने से गांवों में जल संकट बढ़ जाता है, इसलिए ग्रामीण इलाकों में नल जल योजना पर काम किया जा रहा है। इसमें केरवा व हलाली जल परियोजना के माध्यम से नल के द्वारा हर घर में जल पहुचाने के लिए कार्य प्रगति पर है। बुधवार को युवा सदन पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने जल वितरण की दोनों परियोजनाओं को लेकर जिला प्रशासन के जल निगम अधिकारियों व ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को काम में तेजी सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

अधिकारियों को निर्देशित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पाइप लाइन बिछाने का काम



व्यवस्थित ढंग से हो। पाईप लाइन बिछाने के लिए जिस स्थान को खोदा गया है उसका रीस्टोरेशन सुव्यवस्थित ढंग से होना चाहिए। ताकि स्थानीय नागरिकों को कोई समस्या का सामना न करना पड़े। विधायक शर्मा ने अधिकारियों व ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह आपसी समन्वय के साथ काम करें। यदि किसी स्थान पर सड़क या अन्य कोई विकास कार्य किया जाना है तो उसके पूर्ण होने से पहले वहाँ पाईपलाईन बिछाना सुनिश्चित करें। ताकि अनावश्यक खुदाई से बचा जा सके। जल परियोजनाओं का पूरा काम स्मार्ट प्लॉनिंग के साथ करें। शर्मा ने कहा कि बहुत तेजी से केरवा एवं हलाली डेम से पेय जल योजना का कार्य जारी है, अगले चैत्र नवरात्र हिन्दू नववर्ष 9 अप्रैल 2024 तक दोनों ही परियोजना से हुजूर विधान सभा के गांवों को पानी मिलने लगेगा ।

**योजना की संक्षिप्त जानकारी लागत:** लगभग 200 करोड़, लाभान्वित- हुजूर के सभी गाँवो की लगभग पूरी आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी।

**निर्माण जानकारी:** 50 हज़ार से 2.5 लाख लीटर पानी क्षमता की नयी टंकीयों का निर्माण होगा, लगभग 350 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई जाएगी, पूर्व निर्मित टंकियों को भी सम्मिलित किया जाएगा।

## जीवन को खुशहाल बनाएं जीवन मे साइकिल अपनाएं

**भोपाल ( हिनप्र )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल उपयोग के महत्व को दर्शाने हेतु एन.एस.एस. की छात्राओं ने साइकिल उपयोग के महत्व को चंचल चौराहा पर नुक्कड़ नाटक द्वारा समझाया। छात्राओं ने समझाया कि, साइकिलिंग सेहत के साथ ही पर्यावरण के लिए भी बहुत ही फायदेमंद है। पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए और इंधन के संकट से लड़ने के लिए साइकिल एक बेहतरीन उपाय हैं। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राखी श्रीवास्तव एवं एन.सी.सी. सी.टी.ओ. कोमल अमलानी द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रिया बुधानी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, उन्होंने बताया कि यह अभियान निरंतर चलता रहेगा और इस दिशा में आगे भी कार्य करते रहेंगे।




# नहीं तपी रोहिणी पर खूब बरसेगा पानी

भोपाल (काप्र)।

मध्यप्रदेश के लोगों के लिए खुशखबरी है। प्रदेश में मानसून इस बार समय पर दस्तक देगा। मानसून करीब 6 जून को केरल पहुंचेगा। मौसम विभाग के अनुसार इस साल मानसून पश्चिमी मध्यप्रदेश से राज्य में दस्तक दे सकता है। हालांकि राज्य के करीब 65 प्रतिशत इलाके में बारिश सामान्य से कम होने का अनुमान जताया जा रहा है। प्रदेश के 33 जिलों में सामान्य से कुछ कम बारिश हो सकती है। अच्छी बात यह है कि इस बार कहीं भी सूखा जैसी स्थिति नहीं बनेगी। इस बार नौतपा में सूरज ज्यादा गर्मी नहीं दिखा पाया। शुक्रवार को नौतपे के नौवें दिन राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शुक्रवार को प्रदेश के कई इलाकों में बारिश भी हुई। सागर और ग्वालियर में बरसात हुई। बुरहानपुर में तो तेज आंधी भी चली। मौसम विभाग के अनुसार एमपी में मानसून 18 जून को आ सकता है। मानसून पश्चिमी क्षेत्र के खरगोन और बुरहानपुर जिले से प्रदेश में प्रवेश करेगा। अच्छी बात यह है कि इस बार कहीं भी सूखा जैसी स्थिति नहीं बनेगी। प्रदेश के 33 जिलों में सामान्य से कुछ कम बारिश हो सकती है। ग्वालियर चंबल संभाग, इंदौर संभाग, रीवा और सागर संभाग में सामान्य से करीब 10 प्रतिशत कम बरसात - मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्वालियर चंबल संभाग, इंदौर संभाग, रीवा और सागर संभाग में सामान्य से करीब 10 प्रतिशत कम बरसात होगी। शेष 19 जिलों में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। इनमें जबलपुर, भोपाल, शहडोल और नर्मदापुरम शामिल हैं। इन संभागों में 105 प्रतिशत तक बारिश होने का अनुमान है।

## प्रदीप मिश्रा के शिवपुराण में संतनगर को मिली जलसेवा

भोपाल (हिनप्र)।

**देश के जाने माने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, सीहोर वालों द्वारा शिवपुराण कथा 10 से 14 जून तक पीपुल्स माल के पास होगी। 30 एकड़ भूमि में लगे पंडाल में कथा का आयोजन होगा।**

तैयारियों को लेकर गुजराती भवन में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें महापौर मालती राव, स्वास्थ्य मंत्री विश्वास सारंग, सुशील वासवानी, पूर्व अध्यक्ष / मंत्री आवास संघ, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, एवं रामचन्द सभनानी, सचिव, सिन्धी समाज सेवा ट्रस्ट एवं भोपाल के सभी समाज प्रमुखों को जिम्मेदारियां दी गई है।

सिन्धी समाज, संतनगर को जल सेवा की जिम्मेदारी दी गई है, भगवान झूलेलाल जल के देवता है एवं सिन्धी समाज जल देवताओं का उपासक है । सिन्धी समाज का शीतल जल पिलाने की सेवा की जिम्मेदारी मिली है। इस सेवा को सुचारू रूप से करने के लिये एक जून को संस्कार स्कूल को शाम 7.00 बजे बैठक का आयोजन किया गया है।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष...

## ट्रेन हादसाः मौत...

रेल हादसे के बाद बालासोर जिला अस्पताल और सोरो अस्पताल में बड़ी संख्या में घायलों को लाया गया जिससे इन अस्पतालों के कमरे भर गये और गलियारों तक में मरीजों को रखा गया है। चिकित्सा कर्मचारियों को घायल यात्रियों की मदद करने की कोशिश करते देखा गया, जिनमें से कई ओडिशा के अलावा अन्य राज्यों से हैं और बात करने की स्थिति में नहीं हैं। शनिवार दोपहर तक करीब 526 घायलों को बालासोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बालासोर जिला मुख्यालय अस्पताल में अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी (एडीएमओ) डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने कहा, ''मैं कई दशकों से इस पेशे में है, लेकिन मैंने अपने पूरे करियर में इस प्रकार की अफरा-तफरी की स्थिति नहीं देखी। अचानक 251 घायलों को हमारे अस्पताल लाया गया और हम इसके लिए कतई तैयार नहीं थे। हमारे कर्मियों ने रातभर काम किया और सभी को प्राथमिक उपचार मुहैया कराया।'' उन्होंने बताया कि इनमें से 64 मरीजों को कटक स्थित एससीबी चिकित्सकीय महाविद्यालय अस्पताल रेफर किया गया और अब ''हमारे अस्पताल में 60 बिस्तरों पर मरीज हैं। अन्य को मामूली ऑपरेशन के बाद छुट्टी दे दी गई। मिश्रा ने कहा, हम यह देखकर वाकई हैरान है कि बड़ी संख्या में युवा रक्तदान करने यहां पहुंचे। हमने रातभर में करीब 500 यूनिट रक्त एकत्र किया। सभी का शुक्रिया। यह जीवन में एक बार होने वाला अनुभव है। अब चीजें सामान्य हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग स्वेच्छा से यहां और कई अन्य अस्पतालों में रक्तदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो हजार से अधिक लोग घायलों की मदद करने के लिए रात में बालासोर चिकित्सकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल पहुंचे और कई ने रक्तदान भी किया। अस्पताल के मुर्दाघर में सफेद कफन में लिपटे शवों का ढेर लगा हुआ है, जिनमें से कई की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हादसे के शिकार हुए कई लोगों के रिश्तेदार अभी तक शहर नहीं पहुंच पाए हैं, क्योंकि प्रमुख रेल मार्ग पर दुर्घटना के कारण कई ट्रेन को रद्द कर दिया गया है, कई के मार्ग में परिवर्तन किया गया है और कई ट्रेन देरी से चल रही हैं। बालासोर अस्पताल में भर्ती जगदेब पात्रा ने बताया कि वह चेन्नई जा रहे थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को बताया कि राहत अभियान में मदद के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भुवनेश्वर के चिकित्सकों को बालासोर और कटक रवाना किया गया है। मांडविया ने ट्वीट किया, एम्स- भुवनेश्वर के चिकित्सकों के दो दल राहत अभियान में मदद के लिए बालासोर में ट्रेन दुर्घटनास्थल और कटक के उस अस्पताल के लिए रवाना किए गए हैं, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम कीमती जिंदगियों को बचाने के लिए इस भीषण रेल दुर्घटना के पीड़ितों को सभी आवश्यक सहायता और चिकित्सकीय मदद मुहैया करा रहे हैं।

**घायल यात्रियों को ले जा रही बस बंगाल में दुर्घटनाग्रस्त, राजमार्ग पर लगा जाम:** ओडिशा के बालासोर से घायल यात्रियों को ले जा रही एक बस शनिवार को बंगाल के मेदिनीपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ओडिशा के बालासोर जिले में तीन ट्रेनों की दुर्घटना में यात्रियों को बस ले जा रही थी। दुर्घटना के बाद मेदिनीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम हो गया। इलाके में बस की पिकअप वैन से आमने-सामने टक्कर हो गई। घायल यात्रियों को इलाज के लिए बंगाल के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा है। बस में सवार कई लोगों के मामूली रूप से घायल होने की आशंका है।

**हादसे में घायल परिजनों की तलाश में कटक के अस्तपाल के बाहर लगा लोगों का तांता:** एक शख्स ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी रात साढ़े आठ बजे के आसपास मिली। उन्होंने पहले इस हादसे के बारे में टीवी पर देखा, इसके बाद उनके पास किसी ने फोन करके बताया कि आपके परिजन को कटक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना के मिलने के बाद से ही वो कटक अस्पताल के बाहर हैं ताकि उन्हें अपने परिजन की सेहत के बारे में अपडेट मिल सके। वहीं एक अन्य शख्स ने बताया कि कोरोमंडल एक्सप्रेस में उसके मामा और भाई सफर कर रहे थे। मामा जी को सिर में ज्यादा चोट है जबकि उसके भाई को गंभीर हालत में भर्ती किया गया है। एक अन्य शख्स ने बताया कि इस दुर्घटना में उनके भांजे को भी चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि उनका भांजा बालासोर से चेन्नई जा रहा था। उनका बहुत चोट आई है। वो फिलहाल आईसीयू में हैं। मैं उन्हें आईसीयू में देखा है। वो बीते 15 घंटे से बेहोश है। शुक्रवार को कोरोमंडल एक्सप्रेस से सफर करने वाले एक यात्री कुलोमल मल्लिक ने आप बीती बताई उन्होंने कहा कि सर हमें तो कुछ पता नहीं चला। हम तो जेनरल कोच में थे। एकाएक ब्रेक लगने जैसा एहसास हुआ। फिर हमने देखा कि ट्रेन की कई बोगियां पटरी स उतर चुकी हैं। मलिक ने बताया कि घटना के बाद उन्हें पहले पेन किलर दिया गया और आज जब आराम नहीं मिला है तो उन्हें कटक के अस्पताल लेकर आया गया है। कटक के सीबी मेडिकल अस्पताल में शनिवार सुबह से बड़ी संख्या में घायलों को शिफ्ट किया जा रहा है। यहां जिन मरीजों को लाया जा रहा है इनमें से कुछ मरीज वो भी हैं जिनको कल बालासोर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## विश्व नेताओं ने...

और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। वहीं इटली के डिप्टी प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा, बालासोर में हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना के लिए इटली सरकार भारत के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। इटली सरकार पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है, मुझे उम्मीद है कि जो अभी भी फंसे हुए हैं, उन्हें बचा लिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने भी दुखद ट्रेन दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इनके अलावा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी ट्रेन हादसे हुई मौतों पर शोक जताया है। पीएम ने ट्वीट किया, भारत में एक ट्रेन दुर्घटना में सैकड़ों लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ। मैं इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## ब्रिक्स समूह के...

आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बात यह है कि हम अभी भी इस संबंध में काम कर रहे हैं; शेरपाओं (ब्रिक्स सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले) को इसका काम सौंपा गया है और हमें देखना होगा कि वे क्या कदम उठाते हैं।'' ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा ने कहा कि वह जयशंकर के विचार से सहमत हैं।

## द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर...

आएंगे। वह इंडोनेशिया से आएंगे। राजनाथ सिंह के साथ अपनी बैठक के अलावा, नई दिल्ली में इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पिस्टोरियस के कुछ रक्षा स्टार्ट-अप से मिलने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 7 जून को जर्मन संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस मुंबई का दौरा करेंगे, जहां उनके मुख्यालय, पश्चिमी नौसेना कमान और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का दौरा करने की संभावना है।

## कर्नाटक में चुनावी गारंटी...

चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले बिना किसी स्पष्टता के इन योजनाओं की घोषणा की थी और अब वह इन्हें बिना किसी स्पष्ट ब्योरे के लागू कर रही है।

## भारत को लेकर वैकल्पिक...

दृष्टिकोण है। यह ऐसी सोच है, जिसमें हमारे सभी लोग, चाहे वे किसी भी धर्म से हों, किसी भी जाति से हों और कोई भी बोलते हों, हमारे राष्ट्र की प्रगति में समान रूप से भागीदार हैं। यह ऐसा देश बनाने की सोच है, जिसमें हर भारतीय स्वयं को अभिव्यक्त करने के लिए स्वतंत्र महसूस करता हो और स्वयं को हमारे राष्ट्र के हिस्से के रूप में देखता हो।'

# नुक्कड़ नाटक के जरिए सामाजिक विषयों पर छात्राओं ने दी प्रस्तुति

भोपाल (हिनप्र)।

**संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान एवं मासिक धर्म जैसे सामाजिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान में नौ विभिन्न क्लबों के द्वारा उक्त विषयों पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।**



इसके पहले आठ दिवसीय नुक्कड़ नाटक कार्यशाला का आयोजन किया था, जिसमें शहर के वरिष्ठ रंगकर्मियों ने संस्थान की छात्राओं को नुक्कड़ नाटक की विभिन्न विधाओं पर प्रशिक्षण दिया था। यूनिसेफ के विशेष सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण करने के बाद संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी जी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। ए.सी. साधवानी ने विभिन्न संस्थानों और कार्यों का विवरण दिया। यूनिसेफ एवं मंडप की टीम ने मुख्य निर्णायक के रूप में निर्धारित किए हुए मापदंडों के अनुसार सीएसआर क्लब को प्रथम एवं यूएचवी एवम एसपीडी क्लब को द्वितीय एवं कल्चरल क्लब को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. शालू पांडे ने यूनिसेफ एवं वरिष्ठ रंगकर्मियों के प्रति आभार प्रेषित करते हुए कहा कि नुक्कड़ नाटक एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए हम रोचक तरीके से सामाजिक संदेश को प्रसारित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयनित नुक्कड़ नाटकों को भोपाल के विभिन्न स्थानों एवं समीप के गांव में 02 से 5 जून तक जिला पंचायत के सहयोग से मंचन किया जा रहा है।

# संतनगर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष बने अशोक मारण

**भोपाल ( हिनप्र )।** संतनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष अशोक मारण को बनाया गया है, पार्टी जिला अध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने इसकी घोषणा की। उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी और आनंद सबधानी को मनोनीत किया गया। शांति प्रकाश धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के नियुक्त पत्र ब्लॉक अध्यक्ष और उप ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपे गए। मिश्रा ने उम्मीद जताई कि 2023 में चुनाव से पहले मण्डलम, सेक्टर और बूथ अध्यक्षों के जरिये संतनगर में बड़ी टीम खड़ी



होगी। पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा ने कहा कि चुनाव से पहले संगठन की तैयारी सबको एकजुट होकर करनी है। नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मारण ने कहा कि पार्टी संगठन में नये-नये सदस्यों, व्यापारी बंधुओं को जोड़कर व सक्रिय युवाओं व महिलाओं की एक टीम संतनगर में खड़ी की जाएगी। उप ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधानी ने भी संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे।